हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

03 नवंबर 2024, समय 06.10

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। देश की प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामूहिक भावना के माध्यम से सरकार टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता में दृढ़ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 2015 से 2023 तक टीबी के मामलों में 17 दशमलव 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह दर वैश्विक गिरावट 8 दशमलव 3 प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि टीबी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने उल्लेख किया कि सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए नि-क्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया है।

*********************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और सभी किसानों को समय पर खाद मिलेगी ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल रबी मौसम के दौरान अक्तूबर में डी ए पी की कुल खपत 1 लाख 19 हजार 470 टन थी जबकि इस वर्ष अक्तूबर में डी ए पी की खपत 1 लाख 14,000 टन रही। उन्होंने बताया कि गत वर्ष नवंबर में कुल 72 हजार 697 टन डी ए पी की खपत हुई थी ।

श्री नायब सिंह ने कहा कि आज की तारीख में राज्य में 24000 टन डी ए पी की उपलब्धता है और किसानों के लिए डी ए पी की दैनिक आपूर्ति के लिए रेक योजना बनाई गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप, केंद्र ने नवंबर महीने के लिए 1 लाख 10,000 टन डीएपी खाद आवंटित की है, जिसमें से नवंबर के पहले सप्ताह के लिए 41 हजार 600 मीट्रिक टन खाद और दूसरे सप्ताह के लिए 40,000 टन खाद के आवंटन के लिए रेक योजना बनाई गई है और नवंबर के तीसरे सप्ताह में इसे घटाकर 20,000 टन कर दिया जाएगा।

***********************************************************************

किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को पराली जलाने से बचने की सलाह दी है ताकि मिट्टी की उर्वरता बरकरार रहे और पर्यावरण को नुकसान न हो।

उन्होंने कहा कि एक तरफ यहाँ पराली जलाने की घटनाओं को लेकर सरकार सख्ती बरत रही है वहीं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पराली प्रबंधन में किसानों की मदद भी कर रही है।

सरकार की सख्ती के बाद किसानों द्वारा खेतों में लगाई आग को बुझाने के लिए जिले के सभी अधिकारी खुद खेतों में पहुँच रहे हैं। ऐसा ही एक मामला करनाल के प्योत गाँव में सामने आया जब चीनी  मिल के प्रबंधकीय निदेशक हितेंद्र कुमार ने खेतों में जलती पराली को देख अन्य अधिकारियों के साथ पेड़ों की पत्तियों और टहनियों से आग को बुझाया।

श्री हितेंद्र कुमार ने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

उन्होंने बताया कि चीनी मिल में एक कंप्रेसड  बायोगैस सयन्त्र लगाया जा रहा है। उहोने कहा कि पराली को खरीदने के लिए वे मिल की तरफ से एक प्रस्ताव सरकार को भेज रहे है। क्षेत्र की पराली  और सब्जी मण्डी का जैविक कचरा खरीद जाएगा और उस से गैस बनाई जाएगी । जिसका फायदा किसानों को मिलेगा।

***************************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा पराली प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए एक हजार रूपए प्रति एकड़ का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। योजना के तहत किसानों को पराली को मिट्टी में मिलाने और गांठें बनाने के लिए सुपर सीडर, जीरो टिलेज मशीन, स्ट्रॉ चॉपर और  हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्र अनुदान पर दिया जाता  हैं।

करनाल से हमारे संवाददाता पवन कुमार ने बताया कि जिले पराली को आग लगाने की घटनाएं सामने आ रही हैं तो दूसरी ओर बहुत से प्रगतिशील किसानों के लिए पराली समस्या नहीं बल्कि आय का साधन है ।

हमारे संवाददाता ने कुछ प्रगतिशील किसानों से बातचीत की। जो सरकारी योजनाओं का लाभ उठा कर पराली से पैसा कमा रहे हैं।

सरकार की पराली प्रबंधन योजना का लाभ उठा रहे एक और प्रगतिशील किसान ने कहा -

किसानों ने बताया कि हम या तो अपने खेतों में ही पराली की जुताई कर देते हैं या फिर इनकी गांठे बनाकर कंपनियों को बेचकर मुनाफा कमाते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक पराली को जलाना उनकी मजबूरी थी क्योंकि उस समय ऐसी तकनीक उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि अन्य किसान भी सरकार की योजनाओं का फायदा उठाकर पराली का उचित प्रबंधन कर सकते हैं।

.........................................................................

पंचकुला से निर्दलीय पार्षद ओमवती पुनिया एवं जननायक जनता पार्टी की टिकट से विधायक का चुनाव लड़े पार्षद सुशील गर्ग भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। बी जे पी छोड़ कॉंग्रेस में गए पार्षद सुनीत सिंगला भी फिर बी जे पी में लूटआए हैं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ स्थित अपने निवास संत कबीर कुटीर में उन्हें पार्टी का पटका पहना कर बी जे पी में शामिल किया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल भी मौजूद रहे।

पंचकूला से हमारी संवाददाता सुमन शर्मा ने बताया है कि इस तरह पंचकूला वरिष्ठ उप महापौर और उपमहापौर के चुनाव से पहले बी जे पी ने एक बार फिर नगर निगम में अपना बहुमत बना लिया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में दो पार्षद बीजेपी छोड़ गए थे, लेकिन अब यह कमी पूरी हो गई है।

*************************************************************************

हरियाणा के पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में 4 से 10 नवम्बर तक ‘तृतीय पंचकूला

पुस्तक मेले ' का आयोजन होगा । इस मेले का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए ऊर्जा संस्कृति समिति की पहल पर विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

हरियाणा राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के अध्यक्ष और संस्कृति समिति के संरक्षक श्री पी के दास ने बताया --

उन्होंने बताया कि मेले में हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी भाषा के 100 से अधिक प्रकाशकों की किताबों को प्रदर्शित किया जाएगा ।

*************************************************************************

हरियाणा सहित आज देश भर में भाई दूज का त्यौहार उमंग और उत्साह से मनाया गया।

कैथल से हमारे संवाददाता ने बताया कि बहन भाई के स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक परंपराओं के अनुसार बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगा कर उनकी दीर्घायु के लिए कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों की सुरक्षा का वचन दोहराया और उन्हें उपहार भेंट किए ।

इस अवसर पर मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। अनेक स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए।

भिवानी में कॉस्मेटिक एसोसिएशन ने भिवानी के दिव्यान्ग चैरिटबल ट्रस्ट में नेत्रहीन बहनों के साथ मनाया ।

*************************************************************************

उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं।

आज भैया दूज के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रों के साथ विधि-विधान से कपाट बंद कर दिए गए। इस मौके पर केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। इस यात्रा काल में रिकार्ड

साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम की यात्रा की। कपाट बंदी के लिए मंदिर को दीपावली पर लगभग 10 क्विंटल फूलों से सजाया गया था।

**************************************************************************

हरियाणा के करनाल में कैथल रोड पर रेलवे ऊपर गामी पुल के नीचे लगे सपोर्ट जैक के अचानक गिरने के बाद पुलिस ने पुल पर आवाजाही बंद कर दी है। ऐसा सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है। पुल के धँसने और इसमें दरार आने की भी खबर है।

बाहरी वाहनों को कछवा फ्लाईओवर और गोगड़ी पुर फ्लाईओवर की तरफ से निकाला जा रहा है।

************************************************************************